करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उम्मीदवार- भाजपा

करनाल, आशुतोष गौतम। भारतीय जनता पार्टी ने करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को करनाल से उम्मीदवार बनाया है। देर शाम भाजपा ने यह घोषणा की। भाजपा के कर्ण कमल कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। भाजपा जिला प्रधान योगेंद्र राणा ने हर्ष जाहिर करते हुए दावा किया कि नायब सिंह सैनी की जीत एकतरफा होगी। करनाल का प्रत्येक नागरिक उन्हें वोट देगा। विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री और करनाल के विधायक रहे मनोहर लाल ने करनाल की जनता को विकास कार्यों की सौगात दी थी। इन विकास कार्यों को देखते हुए लोग खुश हैं। भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिला है। उन्होंने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन ही करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। वह करनाल की जनता से आह्वान करते हैं कि अपना कीमती वोट भाजपा उम्मीदवारों को देकर विजयी बनाएं। इस अवसर पर सुनील गोयल, योगेन्द्र मेहला, इलम सिंह व मनोज सचदेवा आदि प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी डाटा को सेल्फ सर्टिफाई करके 31 मार्च तक करें भुगतान

गुरूग्राम। नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने कहा कि नगर निगम गुरूग्राम क्षेत्र में जिन प्रॉपर्टी मालिकों ने एनडीसी पोर्टल पर अपने डाटा को सेल्फ सर्टिफाई नहीं किया है, वे 31 मार्च तक सेल्फ सर्टिफाई करके प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करवाएं। इस शनिवार व रविवार को नगर निगम गुरूग्राम के पुराने कार्यालय, सेक्टर-34 कार्यालय तथा सेक्टर-42 कार्यालय में प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा रहेगी।

उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी मालिक ऑनलाईन पोर्टल https://property.ulbharyana.gov.in/ पर अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉगिंग करें तथा प्रॉपर्टी आईडी के माध्यम से अपने प्रॉपर्टी डाटा को सर्च करके सभी कॉलम का अवलोकन करने उपरान्त हां पर क्लिक करते हुए सेल्फ सर्टिफाई के लिए सबमिट करें। अगर आपके डाटा में कोई त्रुटि है, तो पोर्टल पर मांगे गए दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड व रजिस्ट्री को अपलोड करके डाटा को ठीक करने बारे अपनी आपत्ति दर्ज करवाएं। उन्होंने प्रॉपर्टी टैक्स कार्य से जुड़े अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि वे प्राप्त होने वाली आपत्तियों का तत्परता से समाधान सुनिश्चित करें, ताकि प्रॉपर्टी मालिक जल्द से जल्द प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर सकें।

डा. सिंह ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा दी जा रही ब्याज माफी तथा 15 प्रतिशत छूट का लाभ केवल उन्हीं प्रॉपर्टी मालिकों को मिलेगा, जो अपने

प्रॉपर्टी डाटा को ऑनलाईन पोर्टल पर सेल्फ सर्टिफाई करके प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करेंगे। अप्रैल माह में नगर निगम गुरूग्राम द्वारा उन सभी प्रॉपर्टीज की सूची तैयार करके कार्रवाई शुरू की जाएगी, जिन्होंने 31 मार्च तक प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान नहीं किया होगा। इसके तहत 18 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज लगाया जाएगा तथा प्रॉपर्टी को सील करने उसकी नीलामी की प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर प्रॉपर्टी टैक्स कैंपों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। आगामी दिनों में लगने वाले कैंपों के बारे में बताया गया कि शुक्रवार 29 मार्च को पार्षद कार्यालय कादीपुर, जेएमडी गार्डन सेक्टर-33 व हीवो-2 अपार्टमैंट सेक्टर-56, शनिवार 30 मार्च को बीपीटीपी सेक्टर-37, सेंट्रल पार्क सेक्टर-48 व सामुदायिक केन्द्र ब्लॉक-के डीएलएफ फेज-2 तथा रविवार 31 मार्च को ऑर्चिड पैटल सेक्टर-49 व वैली व्यू एस्टेट ग्वाल पहाड़ी में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में प्रॉपर्टी डाटा को सेल्फ सर्टिफाई करने, त्रुटियों में सुधार सहित प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान की भी सुविधा रहेगी। अतिरिक्त निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों का तत्परता से समाधान करें तथा बिना किसी वैध कारण के कोई भी आवेदन वापिस नहीं किया जाना चाहिए। नगर निगम कार्यालयों में बनाई गई हेल्पडेस्क पर नियुक्त कर्मचारी आने वाले नागरिकों को पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करेंगे।

विभाग की गाडियों को जीवी सीरीज में तब्दील करना सुनिश्चित करें अधिकारी

पानीपत। हादसों पर नियंत्रण के लिए सभी जरूरी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। स्पीड बैरियर की भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे लगाकर विशेष निगरानी बरती जाएगी। जो डेयरी संचालक गंदगी फैला रहे हैं व पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं अगले माह में उनके विरुद्ध कार्यवाही शुरू की जाएगी। अवैध रूप से चलने वाली डेयरियों की गायों को गौशालाओं में भेजा जाएगा। यह बात जिला उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने वीरवार को जिला सचिवालय में जिला रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए की।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जीवी सीरीज के साथ विभाग की गाडियों को तब्दील करें जो अधिकारी इसमें गंभीरता नहीं दिखाएंगे 3 अप्रैल के बाद गाडियों को उठाया जाएगा इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने अधिकारियों को सचेत किया कि जो अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हो रहे उनको चार्ज शीट किया जाएगा व उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हैल्थ विभाग जल्द से जल्द 112 नंबर के साथ एंबुलेंस सेवा को जोडने का कार्य करें ताकि हादसों को रोका जा सके। उपायुक्त ने कहा कि डाहर चौक पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसराना में बिजली विभाग के सहयोग से एक सप्ताह के अंदर बिजली पोल को शिफ्ट किया जाएगा ।

उपायुक्त ने कहा कि बराना फरीदपुर रोड पर स्थित फैक्ट्ररियो द्वारा अनाधिकृत रूप से पानी छोडने की समस्या पर संज्ञान लिया जा रहा है। चेकिंग अभियान चलाकर फैक्ट्री को सील किया जाएगा। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बैठक के दौरान फोन कर एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी को निर्देश दिए कि वे चयनित कर उनके क्षेत्र में पानीपत की सीमा से लगने वाली उन फैक्ट्री पर लगाम लगाए जो अनाधिकृत पानी का प्रवाह कर प्रदूषण को प्रभावित कर रही है। इस मौके पर समालखा एसडीएम अमित कुमार, इसराना एसडीएम ज्योति मित्तल, सीटीएम टीनू पोसवाल, सीएमओ जयंत चौधरी के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सरसो की खरीद में घोटाले की आशंका : बहादुर मेहला

करनाल। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने सरसो की खरीद में बड़े घोटाले की आशंका जताई है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि व्यापारी पोर्टल का दुरुपयोग कर किसानों को चूना लगाने की फिराक में हैं। 26 मार्च से पहले व्यापारियों ने मंडियों में किसानों से 4600 से 4700 रुपए में सरसो खरीद ली, जबकि सरकार ने 5600 रुपए एमएसपी तय किया है। अब व्यापारी पोर्टल पर इस खरीद को एमएसपी पर दिखाकर बड़ा घोटाले करेंगे।

प्रवक्ता बहादुर मेहला ने कहा कि मंगलवार से सरसो की सरकारी खरीद शुरू होनी थी, लेकिन पहले दिन एक-दो मंडियों के अलावा खरीद नहीं की गई। किसी मंडी में नमी का बहाना बनाया गया तो कहीं बारदाना ही नहीं पहुंचा। इधर फूड सप्लाई विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना किसानों को तंग करने वाली हैं। मंडियों में फसलों की खरीद शुरू होने से पहले पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते। व्यापारी सरकार के साथ मिलीभगत कर किसानों की जेबों पर डाका डालने का काम करते हैं।

बहादुर मेहला ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं व मांगों पर ध्यान दें। पोर्टल के दुरुपयोग पर लगाम लगाए। व्यापारियों के हाथों किसानों को बर्बाद करवाने का काम न किया जाए। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

151 अध्यापकों को सम्मानित करेगा लक्ष्य पब्लिक स्कूल

हिसार। सामाजिक सरोकारों की कड़ी में लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू अपने स्थापना दिवस 10 अप्रैल को 151 अध्यापकों को बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित करेगा। इसके अलावा प्रदेश के 101 प्राचार्यों को भी बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड भी प्रदान किया जाएगा। इन अवार्डों के लिए 5 अप्रैल 2024 दोपहर दो बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस सम्मान समारोह में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़ी नामी हस्तियां मौजूद रहेगी। यह जानकारी देते हुए लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू के चेयरमैन रामनिवास वर्मा ने बताया कि सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के अध्यापकों को उनके तीन वर्ष के कार्यकाल के हिसाब से यह सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अध्यापकों का यह सम्मान उनके स्कूल के स्थापना दिवस पर 10 अप्रैल 2024 को सुबह दस बजे प्रदान किया जाएगा। लक्ष्य स्कूल के चेयरमैन रामनिवास वर्मा ने बताया कि प्रदेश स्तरीय इस सम्मान समारोह के लिए सरकारी स्कूलों की स्थिति व दशा सुधारने वाले अध्यापकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा खेल व सांस्कृतिक क्षेत्र में बदलाव लाने वाले अध्यापकों/प्राचार्यों को इसमें शामिल किया जाएगा। श्री वर्मा के अनुसार इस दौरान प्रदेश के 101 प्राचार्यों को भी बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए 20 प्रतिशत अध्यापकों या प्राचार्यों को लक्ष्य पब्लिक स्कूल बिना किसी नामांकन के लिए अपने स्तर पर चयन करेगा, जबकि शेष 80 प्रतिशत अध्यापकों का चयन ज्यूरी करेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदकों को अपनी तीन वर्ष की शिक्षा, खेल, छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की शिक्षा प्रदान करने, स्कूल परिसर को हरा भरा व सुन्दर बनाने एवं सामाजिक व दूसरे क्षेत्रों की उपलब्धियों को साक्ष्यों के आधार पर दर्शानी होगी। इसके लिए आवेदक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं, इसके अलावा लक्ष्य पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रामनिवास वर्मा से व्यक्तिगत या स्कूल के हेल्पलाइन नंबर 92152-44550 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्कूल द्वारा विगत तीन वर्ष में सम्मानित अध्यापकों को इस अवार्ड में शामिल नहीं किया जाएगा।

शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए तेजी से किया जा रहा कार्य

गुरूग्राम। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुट गए हैं। इसके तहत एक ओर जहां सेकेंडरी कचरा स्थानों से कूड़ा उठान सुनिश्चित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सडक़ों के किनारे व ग्रीन बैल्ट क्षेत्रों में पड़े कूड़े व कचरा संवेदनशील स्थानों को साफ करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। ज्ञात हो कि निगमायुक्त द्वारा बुधवार को आयोजित बैठक में सफाई शाखा से जुड़े अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारी अपने-अपने जोन का दौरा करके कचरा उठान तथा सफाई व्यवस्था को बेहतर करवाएं। अधिकारियों ने मौके पर जाकर कार्य में तेजी लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और जल्द ही शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के साथ ही इधर-उधर पड़े कूड़े का उठान करवाया जा रहा है। निगमायुक्त द्वारा गुरूग्राम के नागरिकों से भी आह्वान किया गया है कि वे इधर-उधर कूड़ा ना फैंकें क्योंकि इससे गंदगी होती है तथा क्षेत्र में बदबू फैलती है। कूड़े को आसपास स्थित अधिकृत कचरा प्वाईंट या डस्टबिन में ही डालें। सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिकों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, निवर्तमान निगम पार्षदों सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों स अनुरोध किया कि वे इस बारे में लोगों को जागरूक करें तथा अगर कोई व्यक्ति सडक़ों के किनारे, ग्रीन बैल्ट क्षेत्र या अन्य किसी सार्वजनिक स्थान पर कचरा फैंकता है, तो उसे ऐसा करने से रोकें तथा आसपास स्थित अधिकृत कचरा प्वाईंट पर कचरा फैंकने के लिए कहें। निगमायुक्त ने नागरिकों से यह भी अनुरोध कि वे पॉलीथीन कैरीबैग व प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं का इस्तेमाल ना करें। ये एक ओर जहां पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं, वहीं दूसरी ओर मानव व जीवों के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाते हैं। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के कूड़े में आग ना लगाएं क्योंकि इससे क्षेत्र में धूंआ फैलता है तथा आंख व सांस संबंधी बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। सभी के सहयोग व संयुक्त प्रयासों से गुरूग्राम की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मिनी वॉकथोंन का आयोजन

नारनौल। चुनाव का पर्व-देश का गर्व। आमजन को इसी गर्व की अनुभूति कराने के लिए आज जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय से बस स्टैंड तक मिनी वॉकथोंन का आयोजन किया गया। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग आफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नागरिकों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

मिनी वॉकथोंन को रवाना करने से पहले डीसी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रजातंत्र में वोट सबसे बड़ी ताकत होती है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है। वोट का अधिकार हम सब का अधिकार है। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हर नागरिक को भारत का संविधान अपना मत देने का अधिकार देता है।

उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में जनता ही सरकार का चुनाव करती है। ऐसे में सभी नागरिकों को अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करना

चाहिए। उपायुक्त ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नागरिकों को वोट देने के लिए लगातार जागरूक करें। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में आम लोकसभा के चुनाव 25 मई को है। ऐसे में यह अभियान लगातार जारी रखें। उन्होंने बताया कि स्वीप एक्टिविटी के तहत आम नागरिकों को मतदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। सैंकड़ों छात्र-छात्राओं ने हाथ में स्लोगन लिखी पट्टियां लेकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में पिछले लोकसभा चुनावों में वोट प्रतिशत 70.81 रहा था। इस बार जिला में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जाएगा।

इस मौके पर जिला रेडक्रॉस की ओर से डॉ एसपी सिंह, जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव तथा टेकचंद यादव व पवित्रा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

डीसी मोनिका गुप्ता ने ली जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिला में एनजीटी के आदेशों की पूर्ण रूप से पालन हो। डीसी आज लघु सचिवालय में अवैध खनन रोकने के लिए बनाई गई जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रही थी।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए सभी विभागों के अधिकारी तालमेल के साथ कार्य करें। अगर कहीं भी अवैध खनन की सूचना मिले तो तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। अवैध खनन में संलिप्त किसी भी नागरिक को छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सूचना के लिए संबंधित सरपंचों का सहयोग लिया जाए। पंचायती जमीन पर किसी भी अवैध गतिविधि को रोकना सरपंचों की जिम्मेदारी होती है।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला महेंद्रगढ़ में पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। इसमें जल संरक्षण तथा ग्रीन एरिया बढ़ाने आदि पर कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह कार्य योजना तैयार करने

के लिए एडीसी को नोडल ऑफिसर बनाया गया है।

इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह, एसडीएम नारनौल डॉ जितेंद्र कुमार, एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम नांगल चौधरी मयंक भारद्वाज, सेक्रेटरी आरटीए मनोज कुमार, डीएसपी महेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ रमेश चंद्र आर्य, आरओ पॉल्यूशन के के यादव, जिला खनन अधिकारी भूपेंद्र सिंह तथा डीडीपीओ एचपी बंसल के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

ट्रैफिक नियमों को धता बताने वालों से वसूला 1.67 करोड़ से अधिक जुर्माना

करनाल। जिला सडक़ सुरक्षा समिति की एक बैठक आज यहां जिला सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पिछली बैठक के लंबित चार और आज की बैठक के 12 ऐजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया। एडीसी ने संबधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सडक़ों पर जहां कहीं भी गति अवरोधक बनाये जायें वहां उन पर पेंट अवश्य किया जाये। आरटीओ की ओर से जानकारी दी गई कि फरवरी में पुलिस विभाग की ओर से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के 11 हजार 415 लोगों के चालान काटकर 42 लाख 73 हजार 300 रुपये जुर्माना वसूला गया जबकि आरटीए की ओर से एक करोड़ 25 लाख 19 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि 2022 में 760 दुर्घटनाएं हुई जिसमें 399 गंभीर हादसे शामिल थे तथा इस अवधि में 434 लोगों की मौत

हुई जबकि 2023 में 782 हादसे हुए, इनमें 304 घातक थे और 338 लोगों की जान गई। इस साल फरवरी में जिला में 19 गंभीर हादसों में 20 लोगों की मृत्यु हुई। नगर निगम की ओर से मुगल कैनाल रोड की खस्ता हालत को सुधारने के लिये वर्क आर्डर कर दिया गया है। गांव सलारू-इंद्री रोड के मध्य डिवाइडर के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे घोगड़ीपुर फाटक के पास सडक़ पर बने गहरे गड्ढों को भरवायें। पुलिस विभाग की ओर से बताया गया कि शहर में मुख्य स्थानों पर 431 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। इस पर एडीसी ने यह जांचने के निर्देश दिये कि इनमें से चालू हालत में कितने हैं? बैठक में जानकारी दी गई कि फरवरी में पुलिस विभाग की ओर से बिना हेलमेट वाहन चलाने के 5020, शराब पीकर गाड़ी चलाने का एक, बिना आरसी के 177, बिना लाइसेंस के 179, बिना नंबर प्लेट के 425, लेन बदलने के 1189, तिपहिया सवारी के 82, गलत पार्किंग के 2060, लाल बत्ती पार करने के 735, रोड मार्किंग उल्लंघन के 489 और प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र न होने के 37 चालान कर 42 लाख 73 हजार 300 रुपये जुर्माना वसूला गया। जबकि आरटीए की ओर से 267 चालान कर एक करोड़ 25 लाख 19 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया। पिलानी ने पुलिस अधिकारियों को बिना लाईसेंस के ई-रिक्शा चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि ई-रिक्शा वही व्यक्ति चलाये जिसके नाम पर पंजीकरण है। बैठक में सडक़ सुरक्षा कमेटी की ओर से विभिन्न विभागों को उपलब्ध कराई गई राशि और उसके व्यय के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रबीना पी., एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, घरौंडा के राजेश सोनी, इंद्री के एसडीएम अशोक कुमार, असंध वीरेंद्र ढुल, रोडवेज जीएम कुलदीप सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व समिति से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

मतदान करना मतदाता का अधिकार, जब हम दूसरे अधिकारों को पाने के लिए करते हैं संघर्ष

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने युवा मतदाताओं का आह्वान किया कि मतदान करना उनका अधिकार है। जब हम दूसरे अधिकारों को पाने के लिए संघर्ष करते हैं तो मतदान के अधिकार का प्रयोग करने में क्यों संकोच करते हैं? चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें।

उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए, विशेषकर युवा मतदाताओं को। उनका कहना था कि हमारे देश में युवाओं की संख्या भी अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं।

उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लागू रहेगी। कहीं पर भी संहिता का उल्लंघन नजर आता है तो वह अपनी शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय को कर सकते हैं। इसके अलावा जो मतदाता अपने वोट व पोलिंग बूथ के बारे में जानकारी हासिल करना चाहते हैं तो चुनाव आयोग की वेबसाइट व हेल्पलाइन टोल फ्री नं. 1950 से भी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपना वोट व बूथ चेक कर सकते हैं।

पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से छात्राओं को उद्यमिता की मिलती है प्रेरणा : प्रो. बी.आर. काम्बोज

– हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 1984 बैच की पूर्व छात्राओं के लिए समारोह का आयोजन

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआउट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते हैं तथा उनके अनुभव से उद्यमिता की भी प्रेरणा मिलती है। पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय में अध्यन्नरत विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला

सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उचित समय पर सही मार्गदर्शक मिल जाए तो निश्चित तौर पर वे अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में बेहतर कार्य करके अपने परिवार एवं हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं। छात्राओं की प्रतिभा, अनुभव, अनुशासन एवं आत्मविश्वास जैसे गुणों की बदौलत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभी कोर्सों को अहम बताते हुए कहा कि यहां पर छात्राओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान, परिधान व पालन पोषण संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि वे अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और देश की महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, खेलकूद, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने महिलाओं की हर क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी को नारी शक्तिकरण की अहम मिसाल बताया कि वे आज पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। उपरोक्त महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में 1984 बैच की अनेक छात्राओं ने भाग लिया व छात्राओं को अपने अनुभव से प्रेरित करते हुए उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया। मिलन समारोह में हाथ से निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे वस्त्रों व खाने पीने की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि एवं पूर्व छात्राओं ने विशेष रूचि दिखाई। समारोह में सेल्फी पॉइन्ट भी आर्कषण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। मंच का संचालन छात्रा साक्षी मलिक ने किया। पूर्व छात्रा व उद्यमी अनीता फोगाट ने अपने अनुभवों को कविता के रूप में सुनाया। पूर्व छात्रा सिमी मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।